# सैनिक स्कूल रीवा (म.प्र.)

## दर अनुबंध के लिए निविदा

**TENDER FOR RATE CONTRACT**

**(SECOND CALL)**

## निविदा प्रपत्र

**श्रेणी** - **खाद्य सामग्री (Category 2)**

**उप-श्रेणी** - ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति

संचालन अवधि : 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 08 मार्च 2025

समय- दोपहर 12.00 बजे तक

तकनीकी निविदा खुलने की तिथि - 08 मार्च 2025

समय - दोपहर 12.30 बजे या बाद में

वित्तीय निविदा खुलने की तिथि - 12 मार्च 2025

समय - दोपहर 12.30 बजे या बाद में

धरोहरराशि (ई.एम.डी): रुपये 30,000/- **(Refundable)**

**सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश)**

**(रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित)**

Tele No - 07662-292135, 257109 Fax No – 254803
Email – ssrewa@sainikschoolsociety.in

# ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू , प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति हेतु नियम एवं शर्त

**1.** सैनिक स्कूल रीवा को प्रतिष्ठित, स्थापित और वित्तीय रूप मजबूत एवं पंजीकृत **आपूर्तिकर्ता एजेंसी** की आवश्यकता है जो कि सैनिक स्कूल रीवा को **ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू , प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति** प्रदान कर सकें।

**सामान्य शर्त**

2. आपूर्तिकर्ता का चयन प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। दो बोली प्रणाली को अपनाया जाएगा। निविदा प्रपत्र दो में भाग विभाजित है। प्रथम भाग **तकनीकी निविदा** एवं दूसरा भाग **वित्तीय निविदा**। दोनों निविदाएं अलग-अलग लिफाफे में सीलबंद कर उसके ऊपर **"ताजी सब्जियाँ/ताजे फलों /आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति सैनिक स्कूल रीवा के लिए "तकनीकी निविदा** एवं **वित्तीय निविदा** लिखकर जमा करें। केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएगी। **ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति** के लिए वित्तीय निविदा में उल्लेखित सबसे कम दर **(rate)** वाले निविदाकार को **L1** माना जाएगा।

वित्तीय निविदा में एक से अधिक कम दर वाले निविदाकार होने की स्थिति में निविदा दरों को संभावित कुल खपत से गुणाकर कुल योग के आधार पर जिस निविदाकार के निविदा दर का कुल योग कम होगा उस निविदाकार को **L1** माना जाएगा। इसके अतिरिक्त निविदाकारों के दरों के कुल योग बराबर होने की स्थिति में जिस निविदाकार का जिस सामग्रियों में दर कम होगी उसे उसी सामग्रियों कार्य का आदेश जारी किया जाएगा।

3. इच्छुक आपूर्तिकर्ता एजेंसी धरोहर राशि (ई.एम.डी) डिमांड ड्राफ्ट (Demand Draft) के रूप में रुपये 30,000/- (रुपये तीस हज़ार मात्र) प्रिंसिपल, सैनिक स्कूल रीवा के नाम से जमा करेंगे (ई.एम.डी राशि नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा)। डिमांड ड्राफ्ट (Demand Draft) तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ सीलबंद लिफाफे में जमा करना होगा। साथ में पैरा - 4 में उल्लेखित दस्तावेजों को भी देना होगा। डिमांड ड्राफ्ट (Demand Draft) के अलावा, अन्य किसी प्रकार का भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। वित्तीय निविदा प्रपत्र, निविदा दर के साथ, एक अलग लिफाफे में सीलबंद कर जमा करना होगा। दोनों सील बंद लिफाफा दिनांक 08 मार्च 2025 को दोपहर 1200 बजे तक सैनिक स्कूल कार्यालय में जमा करना होगा। केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं दिनांक 12 मार्च 2025 को दोपहर 1230 बजे या बाद में खोली जाएगी।

4. **<u>आपूर्तिकर्ता एजेंसी</u>** को **<u>तकनीकी निविदा प्रपत्र</u>** में निम्नलिखित दस्तावेजों की फोटोकॉपी संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा निविदा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। सभी दस्तावेज़ स्वयं द्वारा सत्यापित (Self Attested) किया गया हो:-

(क) निविदाकार का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त निवास प्रमाणपत्र / आधार कार्ड की प्रतिलिपि।

(ख) एजेंसी के पूर्ण पता की प्रतिलिपि।

(ग) जीएसटी नंबर की प्रतिलिपि।

(घ) पैन कार्ड की प्रतिलिपि।

(ड़) एजेंसी के स्थापना संबंधी स्थानीय निकाय से पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि।

(च) नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में। (<u>तकनीकी निविदा देखें</u>) ।

(छ) बैंक खाते की जानकारी प्रारूप के अनुसार भरकर जमा करें, साथ में एक कैंसिल किया गया चेक भी लगाये। (<u>तकनीकी निविदा देखें</u>)।

(ज) दुकान/एजेंसी का फोटो।

5. आपूर्ति दरें समस्त करों सहित सैनिक स्कूल रीवा के गोदाम में पहुँचाकर अनलोड करने सहित होनी चाहिए।प्रस्तुत किये गये बिलों से विद्यालय द्वारा भारत सरकार के नियमानुसार सभी करों की कटौती की जायेगी।

6. हितों का टकराव (Conflict of interest)- इस खंड के तहत सैनिक स्कूल रीवा के वर्तमान / पूर्व छात्रों या कर्मचारियों और उनके करीबी रिश्तेदारों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जाता है। भविष्य में यदि चयनित बोलीदाता के संबंध में ऐसी (हितों का टकराव के) जानकारी सामने आती है तो अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। यदि संभव हैं तो अनुबंध के लिए अगले बोलीदाताओं के साथ बातचीत किया जाएगा। अन्यथा नए सिरे से निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**<u>विशेष शर्त</u>**

1. **ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति** प्रदान करने का अनुबंध 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक रहेगा। चयनित **<u>आपूर्तिकर्ता एजेंसी</u>** द्वारा **ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू , प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति** में लापरवाही, गुणवत्ता में कमी, आपूर्ति ना करने की स्थिति में या सैनिक स्कूल रीवा की आवश्यकताओं में परिवर्तन के कारण, सैनिक स्कूल रीवा अनुबंध की अवधि 30 अप्रैल 2026 से पहले समाप्त कर सकती है। सैनिक स्कूल रीवा, चयनित <u>आपूर्तिकर्ता एजेंसी</u> को एक महीने का नोटिस देने के बाद किसी भी समय अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

2. चयनित आपूर्तिकर्ता एजेंसी को "राष्ट्रीयकृत बैंक/ आरबीआई द्वारा अनुसूचित बैंक" द्वारा जारी किया रुपये 1,50,000/- (रुपये एक लाख पचास हजार मात्र) का परफॉर्मेंस बैंक गारंटी सैनिक स्कूल रीवा में जमा करना होगा। निविदा अनुबंध सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद निविदाकार को एक अनापत्ति प्रमाण पत्र **(No Objection Certificate)** सैनिक स्कूल रीवा को प्रदान करना होगा जिसमें यह वर्णन हो कि सैनिक स्कूल रीवा द्वारा जारी किए गए आपूर्ति आदेशों के अनुसार सभी वस्तुओं की आपूर्ति की है और अनुबंध दर के अनुसार देय राशि प्राप्त की है। संबंधित अनुबंध के

संदर्भ में सैनिक स्कूल रीवा से कोई भी आपूर्ति आदेशों की देय राशि बकाया नहीं है। उसके बाद ही परफॉर्मेंस बैंक गारंटी वापस कर दी जाएगी। अनुबंध की अवधि की दौरान यदि निविदाकार द्वारा **ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति** में लापरवाही / गुणवत्ता में कमी / आपूर्ति ना करने की स्थिति पैदा होती है तो सैनिक स्कूल रीवा परफॉर्मेंस बैंक गारंटी का इस्तेमाल करके विद्यालय को हुई नुकसान को पूरा करेगा। सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता एजेंसी को भविष्य के लिए कालीसूची में दर्ज़ किया जाएगा तथा माननीय उपभोक्ता न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा।

3. सभी निविदाकारों की पृष्ठभूमि की जांच की जाएगी। यदि किसी निविदाकार के विरुद्ध यह सबूत पाया जाता है कि पहले लिए गए निविदा में उनका कार्य संतोषजनक नहीं था, सैनिक स्कूल रीवा उनकी निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार रखता है। बेनामी निविदा के लिए भी यही समान नियम लागू किया जाएगा तथा बेनामी निविदा के पीछे की मूल इच्छुक पार्टी की पहचान की जाएगी एवं मूल इच्छुक पार्टी को बेनामी निविदा का जिम्मेदार मानते हुए उस बेनामी निविदा से जोड़ा जाएगा और मूल इच्छुक पार्टी की निविदा को भी अस्वीकार कर दिया जाएगा।

4. सैनिक स्कूल रीवा अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी समय स्थानीय बाजार सर्वेक्षण करने का अधिकार रखता है। बाजार सर्वेक्षण के दौरान यदि यह पाया जाता है कि अन्य निविदाकार उपलब्ध हैं, जो की एक ही अनुबंध की शर्त के तहत कम लागत पर एक ही गुणवत्ता के अनुबंधित वस्तु / सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार हैं, तो मौजूदा चयन किए गए निविदाकार को इसके बारे में सूचित किया जाएगा। और दुबारा कीमत-संबंधी बातचीत की जाएगी और दोनों में से सबसे कम दर लगाने वाले को शेष अवधि के लिए निविदाकार के रूप में चुना जाएगा। उसके और सैनिक स्कूल रीवा के बीच एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। ऐसी परिस्थितियों में वंचित निविदाकार को आपत्ति करने का कोई अधिकार नहीं होगा ।

5. ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन की आपूर्ति की आवश्यकता चयनित एजेंसी, लिखित आपूर्ति आदेश के बिना ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन की आपूर्ति नही करेगा। आपूर्ति में विलम्ब, गुणवत्ता में कमी पाए जाने की स्थिति में पूरी आपूर्ति वापसी कर दी जाएगी, जिसके लिए अनुबंध की शर्तो के आधार पर निर्धारित अर्थदंड लगाया जाएगा।

6. आपूर्ति किया जाने वाला ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन की आपूर्ति की जांच करने के उपरांत ही आपूर्ति स्वीकार की जाएगी एवं देयक बिल का भुगतान किया जाएगा।

7. आपूर्ति के साथ आपूर्ति की गई मात्रा का चालान दो प्रतियों में भेजना होगा। आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य स्वीकार की जाएगी।

8. निविदाकार द्वारा निविदा की दरें 30 अप्रैल 2026 तक बनाई रखनी होगी। किसी भी प्रकार की बाजार मूल्य वृद्धि पर ताजी सब्जियाँ, ताजे फलों, आलू, प्याज एवं लहसुन की आपूर्ति की दरों में वृद्धि हेतु किया गया निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9. किसी भी स्तर पर फर्जी दस्तावेज़ पाये जाने की स्थिति में निविदा निरस्त करने के साथ-साथ निविदाकार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

10. निविदा आवेदन में सभी प्रविष्टियाँ पढ़ने योग्य और स्पष्ट रूप से भरी जानी चाहिए। यदि प्रस्तुत जानकारी के लिए स्थान अपर्याप्त है, तो अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित एक अलग शीट संलग्न की जा सकती है। निविदा आवेदन में कोई ओवरराइटिंग या कटिंग की अनुमति नहीं है। ऐसे मामलों में बोली को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

11. तकनीकी निविदा दिनांक 08 मार्च 2025 को सैनिक स्कूल रीवा में दोपहर 1230 बजे या बाद में खोली जाएगी। केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं दिनांक 12 मार्च 2025 को सैनिक स्कूल रीवा में दोपहर 1230 बजे या बाद में खोली जाएगी। निविदा भरने वाले या उनके प्रतिनिधियों के उपस्थित ना होने की स्थिति में भी निविदा प्रपत्र खोली जाएगी। मौजूद न रहने वाले निविदाकार या उनके प्रतिनिधियों की आपत्तियों को निविदा खुलने के बाद स्वीकार नही किया जाएगा।

12. सैनिक स्कूल रीवा द्वारा जारी किये गये निर्देशों का पालन नहीं किये जाने या किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

13. निविदाओं को स्वीकृत / निरस्त करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा के पक्ष में सुरक्षित रहेंगे।

Sd/-x-x-x-

दिनांक: Feb 2025

प्रशासनिक अधिकारी
कृते प्राचार्य
सैनिक स्कूल रीवा

## <u>तकनीकी निविदा</u>

## **<u>ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम | : | ................................................................. |
| 2. | पिता का नाम | : | ................................................................. |
| 3. | एजेंसी का नाम | : | ................................................................. |
| 4 | निविदाकार का निवास का पूर्ण पता<br>(निविदाकार का निवास प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड की प्रतिलिपि संलग्न) | : | .................................................................<br>................................................................. |
| 5. | एजेंसी का पूर्ण पता<br>(फर्मके पूर्ण पता की प्रतिलिपि संलग्न) | : | .................................................................<br>................................................................. |
| 6. | ज़ीएसटी नंबर (प्रतिलिपि संलग्न) | : | ................................................................. |
| 7. | पैन कार्ड नंबर (प्रतिलिपि संलग्न) | : | ................................................................. |
| **8**. | एजेंसी के स्थापना संबंधी स्थानीय निकाय से पंजीयन क्रमांक / प्रमाण पत्र (प्रतिलिपि संलग्न) | : | ................................................................. |
| **9**. | एजेंसी का दूरभाष | : | ................................................................. |
| **10**. | निविदाकार का व्यक्तिगत मोबाइल नंबर | : | ................................................................. |
| 11. | ईमेल पता | : | ................................................................. |

RECENT PASSPORT SIZE PHOTO

**धरोहर राशि** (**ई.एम.डी**) का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| राशि रुपये | : | ............................................................ |
| दिनांक | : | ............................................................ |
| डिमांड ड्राफ्ट नं. | : | ............................................................ |
| जारी कर्ता बैंक का नाम | : | ............................................................ |

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील

# तकनीकी निविदा

रू. **20 /-** के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित किया हुआ
**(**देखिए नियम एवं शर्त पैरा क्रमांक **4**(च) )

मैं ........................................................ आत्मज ................................................... उम्र ....................... निवासी ............................................................................................... निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि **:-**

**1.** यह कि मेरी एजेंसी / कंपनी जिसका नाम ..................................................... है, तथा .......................................................................... में स्थिति है।

**2.** यह कि मैं / मेरी एजेंसी / कंपनी किसी भी विभाग में आज दिनांक तक काली सूचीबद्ध नहीं है।

**3.** यह कि मेरी एजेंसी / कंपनी का जीएसटी नंबर ........................................ हैं।

**4.** यह कि मेरा पैन नंबर / फर्म / कंपनी का ........................................ हैं।

**5.** मेरे द्वारा समस्त टैक्स का भुगतान समय पर किया जाता हैं।

**6.** यह कि मेरा कोई रिश्तेदार / सगा संबंधी सैनिक स्कूल रीवा में कार्यरत नहीं है।

**7.** यह कि मैं, दी गई समस्त नियम एव शर्तों से सहमत हूँ।

उपरोक्तानुसार जानकारी मेरे पूर्ण ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

## सत्यापन

यह कि मैं शपथकर्ता, उपरोक्तानुसार शपथपत्र आज दिनांक को बिना किसी दबाव एवं पूर्ण होश हवास में हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता

# <u>तकनीकी निविदा</u>

प्रारूप

<u>(देखिए नियम एवं शर्त पैरा क्रमांक **4**(छ) )</u>

## <u>बैंक खाते का विवरण</u>

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम / निविदाकार का नाम | |
| खाता क्रमांक | |
| खाते का प्रकार<br>चालू खाता | |
| बैंक का नाम | |
| बैंक शाखा का पता | |
| आईएफएससी कोड | |
| एम आई सी आर कोड | |

निविदाकार के हस्ताक्षर, दिनांक एवं सील

दिनांक

बैंक सील व हस्ताक्षर

# वित्तीय निविदा

## ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति

मैं, सैनिक स्कूल रीवा को नीचे दी गई दर के आधार पर दिनांक 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक ताजी सब्जियाँ / ताजे फलों / आलू, प्याज एवं लहसुन इत्यादि की आपूर्ति प्रदान करने के लिए तैयार हूं:-

| Sl. No. | Name of Vegetables | Unit | Rate | Total consumption (Per Year) approx. (Kg / Pcs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tomato Ripe | Kg | | 4773 |
| 2. | Green Chilly (more than 2 cm long) | Kg | | 259 |
| 3. | Ginger | Kg | | 222 |
| 4. | Coriander Leaves | Kg | | 210 |
| 5. | Cucumber | Kg | | 4022 |
| 6. | Carrot (12 to 30 cm) | Kg | | 1916 |
| 7. | Muli (Radish) | Pcs | | 296 |
| 8. | Barbatti / Beans | Kg | | 393 |
| 9. | Lady Finger | Kg | | 1218 |
| 10. | Brinjal | Kg | | 1677 |
| 11. | Cabbage | Pcs | | 1135 |
| 12. | Cauliflower | Pcs | | 1848 |
| 13. | Green Muttar | Kg | | 255 |
| 14. | Pumpkin | Kg | | 828 |
| 15. | Palak (Spinach) | Kg | | 1008 |
| 16. | Lauki (Bottle Gourd) | Kg | | 2140 |
| 17. | Parwal | Kg | | 123 |
| 18. | MethiSaag | Kg | | As per requirement basis |

**नोट** : दरें समस्त करों सहित सैनिक स्कूल रीवा के गोदाम में पहुँचाकर अनलोड करने सहित होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में किसी भी विक्रेता को अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक का भुगतान, विद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर, दिनांक एवं सील

| Sl. No. | Name of Vegetables | Unit | Specification | Rate | Total consumption (Per Year) approx. |
|---|---|---|---|---|---|
| 19. | Tori | Kg | | | 66 |
| 20. | Capsicum/Shimla | Kg | | | 999 |
| 21. | Beet Root/Chukandar | Kg | | | 992 |
| 22. | Lemon | Nos | | | 11711 |
| 23. | Kundru | Kg | | | As per requirement basis |
| 24. | Moti Mirch | Kg | | | As per requirement basis |
| 25. | Munga | Kg | | | As per requirement basis |
| 26. | Lal Bhaji | Kg | | | As per requirement basis |
| 27. | Spring Onion | Kg | | | As per requirement basis |
| 28. | Spring Garlic | Kg | | | As per requirement basis |
| 29. | Red Beans | Kg | | | As per requirement basis |
| 30. | Red Cabbage | Kg | | | As per requirement basis |
| 31. | Red Capsicum | Kg | | | As per requirement basis |
| 32. | Potato | Kg | 40 mm dia per pcs | | 24381 |
| 33. | Onion | Kg | 40 mm dia per pcs | | 5775 |
| 34. | Garlic | Kg | Max 15 Cloves/kg | | 242 |

**नोट** : दरें समस्त करों सहित सैनिक स्कूल रीवा के गोदाम में पहुँचाकर अनलोड करने सहित होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में किसी भी विक्रेता को अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक का भुगतान, विद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर, दिनांक एवं सील

| S.N. | Name of Fruits | Max piece in a Kg | Min weight of a piece | Unit | Rate | Total consumption (Per Year) approx. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35. | Banana per 100 | 13 | Not less than 14 cm in length, 2.7 cm in width 70 Gm | 100 Pc | | 90703 |
| 36. | Naspati | 12 | 90 Gm | Kg | | 58 |
| 37. | Anar | 4 | 250 Gm | Kg | | 121 |
| 38. | Apple - Delicious | 6 | 150 gm | Kg | | 2384 |
| 39. | Apple – American | 6 | 150 gm | Kg | | As per requirement basis |
| 40. | Chikku | 10 | 90 gm | Kg | | As per requirement basis |
| 41. | Orange | 11 | 90 Gm | Kg | | 565 |
| 42. | Guava | 11 | 90 Gm | Kg | | As per requirement basis |
| 43. | Grapes | 150/100 gm per bunch | ------ | Kg | | 1981 |
| 44. | Papita | 2 | 500 Gm | Kg | | 1461 |
| 45. | Tarbuj (Watermelon) | -- | 2 kg | Kg | | 562 |
| 46. | Kharbuja (Muskmelon) | 2 | 500 Gm | Kg | | 197 |
| 47. | Mango Dasheri | 10 | 100 Gm | Kg | | 448 |
| 48. | Mango Langda | 8 | 120 Gms | Kg | | As per requirement basis |
| 49. | Mango Chausa | 8 | 120 Gms | Kg | | 673 |
| 50. | Mango Neelam | 8 | 120 Gms | Kg | | As per requirement basis |
| 51. | Mango Totapari | 8 | 120 Gms | Kg | | As per requirement basis |
| 52. | Mango Bamabiya | 8 | 120 Gms | Kg | | As per requirement basis |

**नोट** : दरें समस्त करों सहित सैनिक स्कूल रीवा के गोदाम में पहुँचाकर अनलोड करने सहित होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में किसी भी विक्रेता को अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक का भुगतान, विद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर, दिनांक एवं सील

| S.N. | Name of Fruits | Max piece in a Kg | Min weight of a piece | Unit | Rate | Total consumption (Per Year) approx |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53. | Mango Safeda | 8 | 120 Gms | Kg | | 258 |
| 54. | Mango Bedam | 8 | 120 Gms | Kg | | 100 |
| 55. | Musambi | 9 | 105 Gm | Kg | | 160 |
| 56. | Pineapple | 01 | 1 kg | Kg | | 85 |
| 57. | Leechi | 50 | 10 gm | Kg | | As per requirement basis |
| 58. | Jamun/ Blackberry | -- | 08 gm | Kg | | As per requirement basis |
| 59. | Kino | 08 | 90 gm | Kg | | 907 |
| 60. | Kiwi | 10 | 90 gm | Kg | | As per requirement basis |
| 61. | Strawberry | 25 | 40 gm | Kg | | As per requirement basis |
| 62. | Green Coconut | - | - | Nos | | As per requirement basis |
| 63. | Coconut | - | - | Nos | | As per requirement basis |

**नोट** : दरें समस्त करों सहित सैनिक स्कूल रीवा के गोदाम में पहुँचाकर अनलोड करने सहित होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में किसी भी विक्रेता को अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक का भुगतान, विद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर, दिनांक एवं सील